DEPARTMENT OF HINDI

Teacher In-charge: Dr. Seema Sharma

Association In-charge: Dr. Nisha Malik, Dr. Sangeeta Gupta

हिन्दी साहित्यिक संस्था "पराग"

संयोजिकाः डॉ० निशा मलिक

डॉ० संगीता गुप्ता

हिंदी विभाग महाविद्यालय का दर्पण है इसमें होने वाली सभी गतिविधियों का जीवंत मुकुर है विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियां छात्राओं को आत्मविश्वास और विवेक से लबालब करती हैं अपनी जगह बनानी है , अपनी स्वतंत्र पहचान बनानी है तो इन गतिविधियों के माध्यम से शांति और सौहार्द के साथ सही अर्थ समझाना ही विभाग का ध्येय है।

जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज की साहित्यिक संस्था 'पराग- ने 9 जनवरी 2019 को हिंदी साहित्यिक प्रश्नोत्तरी (साहित्यिकी)" का आयोजन किया जिसके अंतर्गत 11 कालेज से टीम आई और 33 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में डॉ. प्रियंका मिश्रा प्रश्नकर्ता के रूप में उपस्थित रहीं।

प्रथम पुरस्कार- नीतेश यादव, अनिल, अमन प्रताप सिंह (हंसराज कॉलेज)

द्वितीय पुरस्कार- तरन्नुम, आरती सोनी, लक्ष्मी (जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज)

तृतीय पुरस्कार-सोनाली, ट्विंकल, ममता (गार्गी कॉलेज) ने प्राप्त किया।

अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी-वैश्विक साहित्य में स्त्री चेतना

3 नवम्बर 2018 को जानकी देवी महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय में 'वैश्विक साहित्य में स्त्री चेतना' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में मॉरीशस से प्रोफेसर ज्ञान धुनुकचन्द, कनाडा से सरन घई, घई उद्घाटन सत्र में वक्ता थे। इस सत्र की अध्यक्षता जानकी देवी कॉलेज की प्राचार्या डॉ स्वाति पाल ने की। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर कुमुद शर्मा ने की, जिसमें आगरा विश्वविद्यालय के डॉ राजेश कुमार तथा विवेकानंद कॉलेज की डॉ यूथिका मिश्रा ने व्याख्यान दिए। कुमुद शर्मा जी तथा डॉ हरीश अरोड़ा जी के व्याख्यान विशेष तौर पर अत्यन्त प्रभावशाली थे। समापन सत्र की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर पूरन चन्द टण्डन ने की तथा पीजीडीए वी कॉलेज के डॉ हरीश अरोड़ा ने व्याख्यान दिए। । डॉ सुधा उपाध्याय, डॉ विनीता रानी, डॉ पूनम यादव, डॉ रजनी अनुरागी, ओरजिना मेरी, डॉक्टर निशा मालिक, डॉक्टर संगीता गुप्ता, डॉक्टर संध्या ने मंच संचालन व अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग दिया।

संगोष्ठी में अलीगढ़, इलाहाबाद, लखनऊ, जम्मू, हाथरस,बिजनोर, से शोधार्थी व प्रवक्ताओं ने भागीदारी की।

हिन्दी साहित्यिक संस्था “पराग” द्वारा 14 सितम्बर 2018 को ‘हिन्दी सप्ताह’ का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हिन्दी सप्ताह के दौरान अनेक साहित्यिक प्रतियोगितायों (कविता, कहानी, सद्यः लेखन, लोकगीत, निबंध) का आयोजन किया गया जिनमें कॉलेज के अतिरिक्त अन्य कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ ‘प्रो. पूरनचंद टंडन’ के अध्यक्षीय भाषण द्वारा प्रारंभ हुआ। उन्होंने “सामासिक संस्कृति व हिन्दी” के अध्यक्षीय भाषण द्वारा प्रारंभ हुआ। उन्होंने “सामासिक संस्कृति व हिन्दी” पर अपने विचारों का प्रकट किया। इस उपलक्ष्य में कॉलेज की प्राचार्या ‘डॉ. स्वाति पाल’ ने भी हिन्दी की स्थिति व उसके भविष्य पर अनेक विचार प्रकट किए। साथ ही ‘लोकगीत प्रतियोगिता’ का आयोजन किया गया जिसके निर्णायक ‘डॉ० ईशु कुमार’ जी रहें। लोकगीत प्रतियागिता में प्रथम पुरस्कार- जयालक्ष्मी (जे.एम.डी.सी.), द्वितीय पुरस्कार-नीत्ती और साधना (जे.एम.डी.सी./एस.पी.एम.), द्वितीय पुरस्कार-खुशबू कुमारी (जे.एम.डी.सी.), तृतीय पुरस्कार-श्वेता और कंचन (जे.एम.डी.सी.) ने प्राप्त किया। 15 सितम्बर 2018 को ‘सद्द: लेखन में प्रथम पुरस्कार-भावना शर्मा (जे.एम.डी.सी.), द्वितीय पुरस्कार-प्रीती झा और राहुल (जे.एम.डी.सी./पी.जी.डी.ए.वी.), तृतीय पुरस्कार-चंचल (जे.एम.डी.सी.) ने प्राप्त किया। ‘निबंध लेखन’ में प्रथम पुरस्कार-आनंत कुमार (पी.जी.डी.ए.वी.), द्वितीय पुरस्कार-प्रियंका (जे.एम.डी.सी.), तृतीय पुरस्कार-संजना (जे.एम.डी.सी.) ने प्राप्त किया।

हिन्दी सप्ताह का समापन 18 सितम्बर 2018 को हुआ जिसमें कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके निर्णायक प्रख्यात कवि ‘बिमलेंदु सागर’ जी रहे। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार-दीपिका (कालिंदी कॉलेज), द्वितीय पुरस्कार-आलोक सुमन (मोतीलाल नेहरू), तृतीय पुरस्कार-खुशबू (जे.एम.डी.सी.) ने प्राप्त किया।
यह कार्यक्रम और सभी प्रतियोगिताएं “पराग” की संयोजिका डॉ. निशा मलिक व डॉ. संगीता गुप्ता द्वारा आयोजित किया गया और हिन्दी सप्ताह अत्यंत कुशल व सफल रहा।

दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी-हिन्दी सिनेमा और लोक नाट्य
प्रभारी एवं संगोष्ठी संयोजिका : डॉ० सीमा शर्मा
हिन्दी विभाग द्वारा 8-9 मार्च 2018 को दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज में किया गया। संगोष्ठी का विषय था “हिन्दी सिनेमा और लोक नाट्यः भाव और अभिनय’
संगोष्ठी का आरम्भ जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज की प्राचार्या डॉ० स्वाती पाल के उद्घाटन भाषाण के साथ हुआ। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता थे प्रो० कृष्णा कुमार गोस्वामी, प्रो० पूरन चन्द टंडन, प्रो० चंदन चौबे, डॉ०

अमिताभ (लघु फिल्म निर्माता-निर्देशक), डॉ० अमितेश कुमार (एनडीटीवी, इंडिया), प्रो० देवन्द्र राज अंकुर (पूर्व निदेशक, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय), डॉ० गौतम झा। दो दिन की इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में छात्राओं ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया। विदेश से आए अतिथि वक्ताओं ने आयोजन की सफलता के लिए संयोजिका डॉ. सीमा शर्मा तथा जानकी देवी मेमोरियल महाविद्यालय को बधाई दी।